C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:55 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 94 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 28 सितम्बर 2024

रणबीर कपूर ने बदल दिया...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### ऊर्जा निगम के आउटसोर्स कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** ऊर्जा निगम के आउटसोर्स कर्मचारियों ने शुक्रवार को भिकियासैंण के उपखंड कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में अधिकारियों ने कर्मचारियों का वार्ता के लिए बुलाया और उनकी सभी मांगों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया। कर्मचारी मानकों के अनुसार समय से वेतन दिए जाने और पीएम की राशि उनके खातों में जमा करने की मांग को लेकर पिछले कुछ दिनों से कार्य बहिष्कार पर चल रहे थे। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के कारण पूरे भिकियासैंण समेत सल्ट और अन्य इलाकों में बिजली की आपूर्ति चरमरा गई थी। काफी देर के हंगामे के बाद अधिकारियों ने कर्मचारियों को वार्ता के लिए बुलाया और विभागीय ठेकेदारों के साथ उनकी वार्ता कराई।अधिकारियों ने ठेकेदारों को आउटसोर्स कर्मचारियों को मानकों के अनुरूप मानदेय दिए जाने और उनका पीएफ का पैसा उनके खाते में जमा करने के निर्देश दिए। काफी देर तक हुई वार्ता के बाद कर्मचारी मान गए और उन्होंने शनिवार से काम पर लौटने का आश्वासन दिया।

### विद्युत ईई से मिले व्यापारी

**हल्द्वानी।** व्यापारियों ने शहर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने से पहले कैंप लगाने की मांग की है। इस संबंध में व्यापारियों ने सुभाषनगर बिजलीघर पहुंच अधिशासी अभियंता डीडी पांगती से मुलाकात की। उनका कहना था कि दुकानों व घरों में प्रीपेड मीटर लगाने से पहले रिचार्ज आदि के बारे में आमजन को बताने के लिए शिविर लगाया जाना चाहिए। ईई से मिलने वालों में देवभूमि व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़वाल, प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, नगर महामंत्री राजीव जायसवाल, जगमीत सिंह, परविंदर सिंह प्रिंस, जसविंदर सिंह भसीन, राजेंद्र बमेटा, प्रेम चौधरी, लक्ष्मीनारायण आदि शामिल थे।

## बदला मौसम: उत्तराखंड के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी

**देहरादून** — हमारे संवाददाता

बागेश्वर, चंपावत और नैनीताल में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड में दिनभर बादल छाए रहने के बाद देर रात मौसम ने करवट बदली। राजधानी देहरादून में झमाझम बारिश हुई। जिससे तापमान में भी कुछ गिरावट दर्ज की गई। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार 30 सितंबर तक प्रदेश में विभिन्न जिलों में बारिश की संभावना बनी रहेगी। जबकि आज देहरादून, टिहरी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत और नैनीताल में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में भी जगह-जगह तीव्र बारिश होने के आसार हैं।

बारिश और मलबा आने से मार्गों पर आवागमन प्रभावित हुआ है। राज्य के 11 जिलों में 98 मार्ग बंद हैं। इनमें सबसे अधिक 16 मार्ग चमोली में बंद हैं। इनमें सर्वाधिक ग्रामीण मोटर मार्ग हैं, जो बंद है। इन मार्गों के बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में कोई भी मार्ग बंद नहीं है।



### यूपी के 30 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी

विदा लेने से पहले मानसून यूपी में पूरी तरह से सक्रिय है। शुक्रवार को करीब-करीब पूरे यूपी में जमकर बारिश हुई। बारिश के साथ-साथ हवाएं भी चलीं। उत्तर प्रदेश में मानसून के यू टर्न के नतीजे में पिछले चौबीस घंटे में पूर्वी और तराई इलाके में गरज चमक और तेज हवा के साथ भारी बारिश देखने को मिली। प्रदेश में तराई क्षेत्र के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर व आसपास के इलाकों में शनिवार को अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के लगभग 30 जिलों के लिए गरज चमक व तेज हवा के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

कहा- इनका हिंसा के बारे में बात करना सबसे बड़ा पाखंड

## संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा

**नई दिल्ली/न्यूयार्क** — एजेंसी

भारतीय राजनयिक ने पाकिस्तान को लताड़ लगाते हुए कहा कि यह हास्यास्पद है कि एक राष्ट्र जिसने 1971 में नरसंहार किया और जो आज भी अपने अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार करता आ रहा है, वह असहिष्णुता और भय के बारे में बोलने की हिम्मत करता है। संयुक्त राष्ट्र के मंच से एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ लगाते हुए उसकी असलियत दुनिया को दिखाई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत की राजनयिक भाविका मंगलनंदन ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान दुनियाभर में आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए वैश्विक रूप से बदनाम है और वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस कर रहा है। भारतीय राजनयिक ने कहा, आज सुबह इस सभा में दुखद रूप से एक हास्यास्पद घटना घटी। आतंकवाद, नशीले पदार्थों, व्यापार और अंतरराष्ट्रीय अपराध के लिए वैश्विक रूप से बदनाम और सेना द्वारा संचालित देश ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के भाषण में भारत के संदर्भ के बारे में बात कर रही हूं। जैसा कि दुनिया जानती है, पाकिस्तान लंबे समय से अपने पड़ोसियों के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। इसने हमारी संसद, हमारी वित्तीय राजधानी मुंबई, बाजारों और तीर्थयात्रा मार्गों पर हमला किया है। यह सूची काफी लंबी है। ऐसे देश के लिए कहीं भी हिंसा के बारे में बात करना सबसे बड़ा पाखंड है।




भाविका मंगलनंदन ने कहा कि धांधली वाले चुनावों के इतिहास वाले देश के लिए लोकतंत्र में राजनीतिक विकल्पों के बारे में बात करना और भी हैरान करने वाला है। असली सच्चाई यह है कि पाकिस्तान हमारे क्षेत्र पर गंदी निगाह रखता है और वह भारत के अभिन्न अंग जम्मू और कश्मीर में चुनावों को बाधित करने के लिए लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल कर रहा है।

## हैरिस ने माना- अमेरिका की आव्रजन व्यवस्था खराब, डोनाल्ड ट्रंप पर बोला हमला

**वॉशिंगटन** — एजेंसी

शनिवार को कमला हैरिस ने माना कि अमेरिका की आव्रजन व्यवस्था कमजोर है और उन्होंने इसे ठीक करने का वादा भी किया। हालांकि अप्रवासियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने के बजाय कमला हैरिस ने कहा कि वह अमेरिका में बिना दस्तावेजों के आने वाले मेहनती लोगों को नागरिकता देने का भी समर्थन करती हैं।

डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने सीमा पर कड़े सुरक्षा उपाय लागू करने और अमेरिका की कमजोर आव्रजन व्यवस्था को ठीक करने का वादा किया है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में आव्रजन व्यवस्था का मामला काफी गरमाया हुआ है। डोनाल्ड ट्रंप लगातार इस मुद्दे पर कमला हैरिस पर हमलावर हैं। शुक्रवार को ही कमला हैरिस ने भी एरिजोना इलाके में अमेरिका-मेक्सिको की सीमा का दौरा किया।



इस दौरे को लेकर ट्रंप ने कमला हैरिस पर निशाना भी साधा था। अब शनिवार को कमला हैरिस ने माना कि अमेरिका की आव्रजन व्यवस्था कमजोर है और उन्होंने इसे ठीक करने का वादा भी किया। हालांकि अप्रवासियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने के बजाय कमला हैरिस ने कहा कि वह अमेरिका में बिना दस्तावेजों के आने वाले मेहनती लोगों को नागरिकता देने का भी समर्थन करती हैं। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के साथ मिलकर वर्षों से यहां रह रहे मेहनती प्रवासियों को नागरिकता देने की दिशा में काम करेंगी। कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप पर आव्रजन नीति के मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

## रुद्रपुर में डीजीपी का जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

**रुद्रपुर** — हमारे संवाददाता

शनिवार को यहां रामपुर रोड एक होटल में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में डीजीपी अभिनव कुमार नशे के खिलाफ के साथ ही पाक्सो जैसे अपराधों पर सख्त दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस नशे के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। डीजीपी ने कहा कि पुलिस पहले से बेहतर काम कर रही है। वह युवाओं को बर्बाद नहीं होने देंगे। नशे को जड़ से खत्म करने लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसके लिए आम आदमी को पुलिस को सहयोग करना चाहिए। इस दौरान डीजीपी ने कई पुलिस अधिकारी, कर्माचारियों को सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया। इस दौरान कई संगठनों ने डीजीपी का स्वागत किया।

इस मौके पर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, विधायक रुद्रपुर शिव अरोरा, अशोक बंसल,अजय तिवारी,वार एसोसिएशन अध्यक्ष दिवाकर पांडे, जाहिर रजा रिजवी, योगेश कुमार समेत एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी काशीपुर अभय सिंह, एएसपी निहारिका तोमर समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। उधर प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीजीपी ने जनपद पुलिस को अपराधियों और नशे के सौदागरों पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों की जगह सलाखों के पीछे है। उन्होंने जिला पुलिस को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रिपलिंग या राइंग साइड पर ई चालान की कार्रवाई होगी।

## 30 सितंबर को हल्द्वानी का बाजार बंद रखेंगे व्यापारी

**हल्द्वानी** — हमारे संवाददाता

संयुक्त व्यापारी संघर्ष समिति के आह्वान पर 30 सितंबर को हल्द्वानी का बाजार बंद रखने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी देते हुए समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन व्यापारियों का शोषण कर रहा है जबकि व्यापारी नौ मीटर सड़क चौड़ीकरण पर सहमत हैं।

हल्द्वानी में मंगलपड़ाव से बस स्टेशन तक सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित होने वाले व्यापारियों के समर्थन में तमाम संगठन एकजुट हो गये हैं। इसके मद्देनजर शनिवार को सिंधी चौराहा स्थित रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान व्यापारी हेम बल्यूटिया ने कहा कि प्रशासन प्रभावित होने वाले व्यापारियों को दबाव में ले रहा है। उन्होंने कहा कि सालों पहले भी प्रशासन ने नैनीताल रोड से अतिक्रमण के नाम पर दुकानें हटाई थी, इसके ऐवज में अब तक व्यापारियों को न तो मुआवजा मिला और न ही दुकानें आवंटित की गई। बल्यूटिया ने कहा कि प्रशासन चौड़ीकरण करना ही चाहता है तो पहले व्यापारियों को दुकानों की वर्तमान दरों के हिसाब से मुआवजा दे। व्यापार मंडल के जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे ने कहा कि प्रशासन के तानाशाही रवैये के चलते व्यापारियों ने बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। पांडे ने कहा कि व्यापारी अतिक्रमण के पक्षधर नहीं हैं लेकिन सालों से कारोबार कर रहे व्यापारियों को अतिक्रमण के नाम पर हटाना गलत है। उन्होंने बाजार बंदी को अधिक से अधिक समर्थन देने की अपील भी की। पत्रकार वार्ता में व्यापारियों ने समर्थन देने वालों की सूची भी जारी की। इनमें हल्द्वानी विधायक समेत महानगर टेंट व्यापार एसोसिएशन साहू समाज, पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच वैश्यम महासभा, हल्द्वानी पंजाबी जनकल्याण समिति, सिख गुरुद्वारा सिंह गुरु सिंह सभा, प्राचीन शिव सेवा समिति, नवयुवक संघ बरेली रोड हल्द्वानी, आलू फल आढ़ती व्यापारी एसोसिएशन, ट्रांसपोर्टनगर व्यापारी एसोसिएशन, कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन हल्द्वानी, देवभूमि सामाजिक मंच, मुक्तिधाम समिति, मटर गली व्यापारी एसोसिएशन आदि के नाम शामिल हैं। पत्रकार वार्ता में अनिल गुप्ता, बलविंदर सिंह, अशोक गुप्ता, गोविंद बगडवाल, योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल आदि भी मौजूद थे।



# दून में व्यापारी ने किया घंटाघर पर जाम

देहरादून

हमारे संवाददाता



रेलवे स्टेशन के बाहर हुए बवाल के बाद पुलिस ने शुक्रवार सुबह हिंदूवादी नेता विकास वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। सरेबाजार हुई वर्मा की गिरफ्तारी से व्यापारी इस कद्र खफा हो गए कि उन्होंने घंटाघर के आसपास सभी बाजार बंद करा दिए और कोतवाली के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। कुछ देर बाद हिंदूवादी संगठनों के नेता और व्यापारी घंटाघर के पास धरने पर बैठ गए।

चारों ओर के रास्ते बंद कर वहां करीब चार घंटे तक जाम लगाया। घंटाघर पर हुए बवाल से पहले पुलिस का तंत्र व्यापारियों के गुस्से को भांपने में विफल हो गया। इसका अंदाजा ही नहीं था कि व्यापारी इतने उग्र होकर घंटाघर पर भी बैठ जाएंगे। बाजार से लेकर घंटाघर तक फोर्स तैनात थी। लेकिन, असल में धरने और प्रदर्शन की क्या योजना है इसका भी आकलन नहीं हो पाया। यही कारण था कि कुछ ही क्षणों में घंटाघर पर हजारों की संख्या में लोग जमा हो गए। पुलिस के ही साजो सामान को उन्होंने सड़क जाम करने में इस्तेमाल शुरू कर दिया। दरअसल, रोष शुरू हुआ घंटाघर और इसके आसपास के बाजारों में। प्रदर्शन करने के लिए व्यापारी पहुंचे भी कोतवाली शहर के बाहर। यहां कुछ दर्जन लोग नारे लगा रहे थे। कोतवाली के गेट पर अच्छी खासी संख्या में पुलिस फोर्स भी तैनात थी। लेकिन, प्रदर्शनकारियों की असल योजना तो कुछ और थी।

पुलिस को भनक लगी तो फोर्स घंटाघर पर भी पहुंच गई। मगर अंदाजा यह नहीं था कि यहां इतनी संख्या में लोग यहां जमा हो जाएंगे। बाजार के बाहर बैरिकेडिंग लगे थे लेकिन इन्हें पार करते हुए घंटाघर के पास जमा होना शुरू हो गए। अब भी स्थिति नियंत्रण में थी। सिर्फ नारे ही लग रहे थे और लोग चकराता रोड के मुहाने पर ही जमा थे। दूसरी ओर का ट्रैफिक अभी चल रहा था। मगर, कुछ ही देर में हुआ ये कि लोगों ने पुलिस के ही बैरिकेडिंग उठाए और उन्हें सड़कों के मुहाने पर लगाकर ट्रैफिक जाम कर दिया।

# पांच दिवसीय 68वें श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां शुरू



नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में आगामी 8 अक्टूबर से शुरु होने जा रहे पांच दिवसीय 68वें श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां प्राथमिकता से शुरु हो गयी हैं। शुक्रवार को वकायदा कमेटी की ओर से आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में नगर की मातृ शक्ति ने महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया।

दूसरी ओर मां नयना देवी मंदिर परिसर में श्री मां दुर्गा की मूर्ति का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। शुक्रवार को सेवा समिति हॉल में नगर की विभिन्न संगठनों से जुड़ी मातृ शक्ति के साथ सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक की गई। मातृ शक्ति ने बताया कि कलश यात्रा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम और पूजा में सभी लोग प्राथमिकता से हिसा लेंगे साथ ही मेला परिसर और मंदिर परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट तथा महासचिव उमेश मिश्रा ने सभी मातृ शक्ति का आह्वान किया कि वह बीते वर्षो की तरह ही इस पांच दिवसीय महोत्सव को कामयाब बनाने के लिए कमेटी को हर संभव सहयोग करें। बैठक में महोत्सव की सफलता को लेकर गहन मंथन किया गया। बैठक में कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार समेत पवन कुमार शर्मा, दिनेश चंद्र भट्ट, सुरेश चौधरी, डौली भटाचार्या, सुमन शाह, मंजू रौतेला,अमिता शाह,लेक सिटी वेलफेयर क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल समेत मीनू बुधलाकोटी,वरिष्ठ समाजसेवी डॉ सरस्वती खेतवाल समेत मंजू बिष्ट, भावना भट्ट, जीवंती भट्ट, सावित्री सनवाल, कविता गंगोला,रचना साह,रेशम टंडन, कंचन जोशी, वंदना तथा मीनाक्षी शाह आदि लोग मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फर्त्याल ने किया।

# घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग किए जाने पर कार्रवाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता



क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की टीम द्वारा नैनीताल जिले के धारी स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण करने पर अंकुर रेस्टोरेंट में एक घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर इस घरेलू सिलेंडर को जब्त किया गया इसके अतिरिक्त रेस्टोरेंट में उचित साफ सफ ई नहीं पाए जाने पर प्रतिष्ठान के प्रबंधक को फ टकार लगाई। इसके पश्चात बिष्ट रेस्टोरेंट में भी एक घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर मौके पर ही इस घरेलू गैस सिलेंडर को जब्त किया गया।

जब्त किए गए सिलेंडर सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर ही प्रबंधक भवाली गेस सर्विस भवाली की सुपुर्दगी में इस निर्देश के साथ दिए गए कि इसमें किसी प्रकार की खुर्दबुर्द नहीं करेंगे और न्यायालय अथवा उच्च अधिकारियों के मांगे जाने पर प्रस्तुत करेंगे, यद्यपि अधिकांश प्रतिष्ठानों में व्यवसायिक सिलेंडरों का ही उपयोग होना पाया गया। सभी प्रतिष्ठान स्वामियों को रेस्टोरेंट में उचित साफ सफ ई का ध्यान देने की हिदायत दी गई। इस मौके पर बिष्ट के साथ पूर्ति निरीक्षक धारी सुनीति रावत भी मौजूद रही। उन्होंने कहा कि समय- समय पर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग को रोकने के लिए जांच अभियान चलाया जाएगा और भविष्य में किसी प्रतिष्ठान में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

# एसएसपी के निर्देश पर नजूल भूमि का सौदा करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एक व्यक्ति ने केपी गंगवार पर नजूल भूमि का करोड़ों में सौदा करने के बाद बयाने में लिए 10 लाख रूपये हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। परमजीत सिंह पुत्र राजपाल सिंह, निवासी वार्ड 33, शांति विहार कालोनी, जगतपुरा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह प्रोपर्टी डीलिंग का कार्य कर अपना भरण पोषण करता है। बताया कि एक व्यक्ति कांता प्रसाद गंगवार पुत्र लालता प्रसाद निवासी वार्ड पहाड़गंज माह मई 2024 में उससे मिला और कहा कि उसके पास एक जमीन उसके अपने कब्जे तथा हर प्रकार के विवादों से पाक साफ है। जिसका 2-50 करोड़ रूपये में सौदा करने की बात की। भूमि उसे एवं उसके प्रार्पटी डीलिंग के साझीदारों को पसंद आने पर उक्त कांता प्रसाद ने उससे 13 मई 2024 व 14 मई 2024 को नगद 10 लाख रूपये बयाना लेने के पश्चात एक इकरारनामा तहरीर करके दिया। इकरारनामा 21जून 2024 को कांता प्रसाद ने अपने गवाहान को अपने कार्यालय आवास विकास में बुलाया। वह भी अपने साथ अपने गवाहान को ले गया। बताया कि इकरारनामा कांता प्रसाद ने लिखवाकर उसके सामने मंगवाया। तब कांता प्रसाद ने कहा कि यह इकरारनामा उसे दे दो दस्तखत करके तथा नोटरी करवाकर अपने मित्र से भिजवा दूंगा। उन्होंने बताया कि लगभग एक सप्ताह तक नही भिजवाया। 4 जुलाई 2024 को अपने साथी से उसके पास भिजवाया। जिस पर उसके दस्तखत थे, लेकिन नोटरी नही था। आरोप है कि कांता प्रसाद ने बयाने की धनराशि यह कहकर मना कर दिया कि वह अब भी उक्त भूमि की रजिस्ट्री करने को तैयार है। परन्तु वह रूपये वापिस नहीं करेगा। कांता प्रसाद गंगवार ने उसको उसकी धनराशि ना तो लौटायी जा रही है, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।

## NEWS / फटाफट

### सूखाताल में क्लोरीन गैस रिसाव मामले में एक सप्ताह के अंदर जांच प्रस्तुत करने के निर्देश



**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के सूखाताल में बीते 12 सितंबर की शाम को 3.50 बजे उत्तराखण्ड जल संस्थान के पंप हाऊस में क्लोरीन गैस सिलेंडर से गैस रिसाव होने से वहं पर निवासरत लोगों की आँखों में जलन एवं हल्की घुटन महसूस होने पर मौके पर गयी टीमों द्वारा गैस सिलैण्डर को झील में निष्क्रिय किया गया था जिस घटना की जांच हेतु जिलाधिकारी वंदना सिंह ने संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जल संस्थान के सभी परिवारों में क्लोरीन स्टोरेज की जाँच, एल्केलाइन पिट की स्थिति तथा अन्य सुरक्षा उपायों का सुरक्षा लेखा परीक्षा कमांडेन्ट 15 वी0 वाहनी एन. डी. आर एफ गदरपुर ऊधम सिंह नगर एवं सेनानायक, राज्य आपदा मोचन बल एसडीआरएफ ज्योलीग्रांट देहरादून के माध्यम से करवाते हुए जांच आख्या एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है। इस घटना के कारणों के सम्बन्ध में जानकारी रखने वाले सम्बद्ध/असम्बद्ध या अन्य व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि वह एक सप्ताह के अन्दर अपना लिखित बयान/अभिकथन अथवा मौखिक रूप एवं इस सम्बन्ध में कोई साक्ष्य हों तो कार्य दिवस में संयुक्त मजिस्ट्रेट कार्यालय/न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# सात दिवसीय स्टेट ओलंपिक खेलों का समापन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित पांचवे राज्य ओलंपिक खेल 2024 का विधिवत समापन हो गया। मुख्य अतिथि आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत ने किया। समापन के दौरान मंडलायुक्त दीपक रावत ने कहा कि देश व प्रदेश में खेल का स्वर्ण युग चल रहा है सरकार खिलाडियों के लिए सभी सुविधा मुहैया कराने के साथ ही खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी सेवा में भी लाभ दे रही है। उन्होंने खिलाडियों को सभी सुविधाएं प्राप्त होने के साथ ही अपने आत्म विश्वास को हमेशा ऊंचा रखने का आहवान किया।लगन के साथ लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। सरकार द्वारा खिलाडियों को प्रोत्साहित करने हेतु ढांचागत विकास के साथ ही मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाडी जैसी योजनाएं चलाई जा रही है। ब्लॉक, जिला स्तर पर खेल आयोजित की जा रही है। वहीं राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर के खेलों का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने सभी आयोजकों को राज्य खेल शांतिपूर्ण व सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने खिलाडियों को 38 वें राष्ट्रीय खेलों के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। राज्य ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी व कोषाध्यक्ष महेश जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मंडलायुक्त, जिला प्रशासन, खेल कोच व रेफरीस का खेलों के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। पांचवे राज्य ओलंपिक खेलों में कुल 33 खेल आयोजित किए गए जिसमें से 22 खेल जनपद ऊधम सिंह नगर में आयोजित हुए,उन्होंने बताया कि राज्य खेलों में लगभग 6000 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाडियों व टीमों को मेडल प्रदान किये गये। साथ ही विशेष सम्मान में बालक वर्ग में 5 गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले हरिद्वार के पार्थ को इलै. मोटरबाइक व बालिका वर्ग में 4 गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली टिहरी गढवाल की सोनिया को इलै. स्कूटी प्रदान की गयी।

कार्यक्रम में दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम पंकज उपाध्याय, महासचिव राज्य ओलंपिक संघ डीके सिंह, जिलाध्यक्ष ओलंपिक संघ नागेन्द्र शर्मा, सुरेश चंद पांडे,कमलेश तिवारी, चेतन गुरूंग, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एसडीएम कौस्तुभ मिश्र, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित खिलाडी आदि मौजूद रहे।

## गाली गलौज करने से टोका तो युवक ने पिता पुत्र पर हमला किया

**रुद्रपुर।** चौकी रम्पुरा क्षेत्र में आपसी विवाद में एक युवक ने पिता पुत्र पर हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। रम्पुरा में किराये के मकान में रह रही मूल रूप से चंदौसी निवासी कमलेश पत्नी दीपक ने पुलिस को तहरीर दी । महिला ने बताया कि बीते दिनों शाम करीब आठ बजे पड़ौस में किराये के मकान में रहने वाला अमित उसके पुत्र यश को गालियां दे रहा था। गालियां देने से टोका तो अमित उसके पुत्र यश को पीटने लगा। बेटे की चीख पुकार सुनकर पति दीपक उसे बचाने के लिये दौड़े तो अमित ने दीपक के सिर पर सरिये से वार कर दिया जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। आरोप है कि बाद में अमित पास में पड़े चाकू से दुबारा दीपक पर हमला कर दिया। दीपक के दोनों हाथों की अंगुलियां कट गई तथा बाये हाथ की सबसे छोटी उंगली कटकर अलग हो गई।

# अभिमत

## अपराधी का महिमामंडन

*अंडरवर्ल्ड डॉन प्रकाश पांडे उर्फ पीपी को दीक्षा देकर मठों का उत्तराधिकारी घोषित करने से धर्म क्षेत्र और प्रशासन में खलबली मच गई। उत्तराखंड सरकार के निर्देश पर उच्च स्तरीय जांच शुरु हो गई। उधर जूना अखाड़े की ओर से जांच की जा रही है। कुछ साल पहले राधा मां को महामंडलेश्वर घोषित करने से विवाद उत्पन्न हो गया था। राधा मां के मामले में भी जूना अखाड़े का नाम आया था। अपराध की दुनिया के लोगों के महिमा मंडन के दूरगामी दुष्प्रभाव होंगे। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि सनातन धर्म को समुदाय विशेष के लोगों से ज्यादा नुकसान भगवा चोलाधारी कथित लालची और दुष्प्रवृति के लोग पहुंचा रहे हैं। अखाड़ों में बैठे धर्मगुरुओं को आगे आकर धर्म की रक्षा करनी होगी।*

राजनीति में बाहुबली, दबंग व अपराधी सम्मान पाते रहे हैं। योग्य और जमीन से जुड़े समाजसेवी की उपेक्षा होती है। दर्जनों मुकदमों में आरोपी चुनाव जीतकर लोकसभा व विधानसभाओं में माननीय बन जाते हैं। चोला बदलकर धार्मिक क्षेत्र में घुसपैंठ करने के मामले यदाकदा आते रहे हैं। अंडरवर्ल्ड डॉन प्रकाश पांडे उर्फ पीपी को दीक्षा देकर मठों का उत्तराधिकारी घोषित करने से धर्म क्षेत्र और प्रशासन में खलबली मच गई। उत्तराखंड सरकार के निर्देश पर उच्च स्तरीय जांच शुरु हो गई। उधर जूना अखाड़े की ओर से जांच की जा रही है। कुछ साल पहले राधा मां को महामंडलेश्वर घोषित करने से विवाद उत्पन्न हो गया था। राधा मां के मामले में भी जूना अखाड़े का नाम आया था। अपराध की दुनिया के लोगों के महिमा मंडन के दूरगामी दुष्प्रभाव होंगे। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि सनातन धर्म को समुदाय विशेष के लोगों से ज्यादा नुकसान भगवा चोलाधारी कथित लालची और दुष्प्रवृति के लोग पहुंचा रहे हैं। अखाड़ों में बैठे धर्मगुरुओं को आगे आकर धर्म की रक्षा करनी होगी। उत्तराखंड के अपर महानिरीक्षक ने अल्मोड़ा जेल में जांच की। जेल प्रशासन का कहना है कि अंडरवर्ल्ड डॉन प्रकाश पांडे को कारागार में दीक्षा का कोई कार्यक्रम नहीं हुआ। प्रकाश पांडे से मिलने के लिए आवेदन करने वालों की जानकारी जांच टीम को दी गई। प्रकाश पांडे से मिलने वाले कथित संतों ने प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया था कि पांच सितंबर को जेल के अंदर दीक्षा का अनुष्ठान किया गया। रुद्राक्ष की माला और भगवा वस्त्र पहने प्रकाश पांडे का चित्र मीडिया में प्रकाशित और प्रसारित हुआ। पांच सितम्बर से पहले प्रकाश पांडे को ब्लड प्रेशर की जांच के लिए हल्द्वानी के बेस चिकित्सालय में लाया गया था। सूत्रों के अनुसार पीपी को दीक्षा की पटकथा हल्द्वानी में तैयार की गई थी। जांच के दौरान जेल प्रशासन की यह बात सही मानी जाये कि जेल में दीक्षा का अनुष्ठान नहीं हुआ था, तब भी जेल प्रशासन निर्दोष नहीं है, क्योंकि भगवा वस्त्र और रुद्राक्ष की माला तथा उसे धारण किये पीपी का फोटो सबसे ठोस साक्ष्य है। जेल में भगवा वस्त्र कैसे पहुंचे? भगवा वस्त्र पहने फोटो मीडिया तक कैसे पहुंचे? हल्द्वानी बेस चिकित्सालय में पीपी के स्वास्थ्य की जांच के दौरान पुलिस और खुफिया तंत्र की लापरवाही सामने आ रही है। पीपी से अस्पताल में कौन-कौन मिला और अंडरवर्ल्ड डॉन से क्यों मिलने दिया गया? सूत्रों का यह भी कहना है कि पांच सितंबर को अल्मोड़ा जेल में पीपी से मिलने के लिए दर्जनभर लोग पहुंचे थे। जेल प्रशासन ने तीन लोगों को अंदर जाने की अनुमति दी। दर्जनभर लोग कौन थे, जेल प्रशासन को उनके बारे में पूरी जानकारी हासिल करनी चाहिए थी। जेल की व्यवस्था सवालों के घेरे में है।

# कुमाऊं विवि में चैटबॉट विद्यामित्र का उद्घाटन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय में संचार को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने के विशेष मकसद से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने एक महत्वपूर्ण तकनीकी पहल के तहत एआई संचालित चैटबॉट विद्यामित्र का उद्घाटन किया। खास बात यह है कि यह चैटबॉट शैक्षणिक प्रश्नों समेत प्रवेश प्रक्रियाओं तथा परीक्षा कार्यक्रमों और कैंपस गतिविधियों में त्वरित सहायता प्रदान करेगा जिससे छात्रों, गुरुजनों और आगंतुकों को चौबीसों घंटे सहायता प्राप्त होगी।

चैटबॉट विद्यामित्र के निर्माण के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कंप्यूटर प्रोग्रामर के.के. पाण्डेय ने बताया कि इस चैटबॉट विद्यामित्र को विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र कृष्णा भट्ट के सहयोग से विकसित किया गया है। श्री कृष्णा भट्ट जो वर्तमान में वेब्यूटर्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ हैं के अनुभव का उपयोग करते हुए विद्यामित्र को एडवांस्ड एआई और अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया है।

चैटबॉट विद्यामित्र को लांच करते हुए कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि हमारा लक्ष्य उन्नत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से संवाद को बढ़ावा देना और सेवाओं को अधिक कुशल बनाना है। चैटबॉट विद्यामित्र के लॉन्च के साथ ही कुमाऊं विश्वविद्यालय ने एक नई दिशा में कदम बढ़ाया है जो तकनीकी नवाचार के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में सुधार को सुनिश्चित करेगा। छात्रों और गुरुजनों के लिए यह एक सरल और सहज अनुभव प्रदान करेगा जिससे वे अपने शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रश्नों का समाधान त्वरित रूप से प्राप्त कर सकेंगे।

इस मौके पर विवि के कुल सचिव डॉ. मंगल सिंह मन्द्रवाल ने इस नई पहल की सराहना करते हुए कहा कि चैटबॉट विद्यामित्र के माध्यम से विश्वविद्यालय ने न केवल तकनीकी रूप से खुद को सशक्त किया है बल्कि यह छात्र समुदाय की आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता दी है। यह एक ऐसा मंच है जो छात्रों को तत्काल सहायता प्रदान करेगा और उनकी समस्याओं का समाधान तेजी से करेगा। इस विशेष मौके पर वित्त नियंत्रक अनीता आर्या ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए चैटबॉट विद्यामित्र का लॉन्च होना एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्रों को समय पर जानकारी और सहायता प्रदान करना अब और भी सुगम होगा जिससे उनकी शैक्षणिक यात्रा में यह एक अहम भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर विवि के निजी सचिव कुलपति एल.डी. उपाध्याय तथा पदम सिंह बिष्ट और विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने इस नई तकनीकी पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह चैटबॉट न केवल विश्वविद्यालय के संचालन को सुगम बनाएगा बल्कि छात्रों को उनकी शैक्षणिक यात्रा में एक नया अनुभव भी प्रदान करेगा।

## एक अक्टूबर को नि:शुल्क हृदय जांच शिविर आयोजित

**रुद्रपुर ।** विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क हृदय जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन आगामी एक अक्टूबर को बिलासपुर रोड स्थित नारायण अस्पताल में किया जायेगा। जानकारी देते हुए नारायण अस्पताल की एच आर हेड मोनिका करनवीर ने बताया कि विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन एक अक्टूबर मंगलवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे नारायण अस्पताल परिसर में किया जायेगा।

शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एसपी सिंह द्वारा हृदय रोगियों की नि:शुल्क जांच की जायेगी और उचित परामर्श दिया जायेगा। शिविर में नि:शुल्क परामर्श के साथ साथ नि:शुल्क ईसीजी, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल की जांच भी नि:शुल्क की जायेगी। ब्लड की जांच एवं कार्डियक एंजियोग्राफी पर 25 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। इसके अलावा इको जांच न्यूनतम दर पर की जायेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से हृदय दिवस पर आयोजित किये जा रहे शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## प्राणी उद्यान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम तहत प्राणी उद्यान नैनीताल के निदेशक/ प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल चंद्र शेखर जोशी के विशेष दिशा- निर्देशन में शुक्रवार को प्राणी उद्यान में स्कूली बच्चों के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर विशेष अतिथि दक्षिणी कुमाऊं वृत्त के वन संरक्षक बीजू लाल टीआर की ओर से स्कूली बच्चों को वन्य प्राणि सप्ताह के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस सप्ताह के दौरान होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी का आह्वान किया गया।

बता दें कि चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के कुल 70 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। चित्रकला का विषय शिक्षा और जागरूकता- स्वच्छता की संस्कृति का निर्माण था। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सुश्री साक्षी रावत उप निदेशक प्राणी उद्यान नैनीताल द्वारा प्राणी उद्यान के ग्रीन जू एम्बेसडरों को उनके दायित्वों के बारें में विस्तार से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रमोद चन्द्र तिवारी वन क्षेत्राधिकारी प्राणी उद्यान,पुष्कर सिंह मेहरा वन दरोगा, महेश सिंह बोरा वन दरोगा, विक्रम सिंह मेहरा फ ार्मासिस्ट, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट, प्रकाश चन्द्र जोशी इलैक्ट्रशियन, दिनेश कुमार समेत प्राणी उद्यान के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुज काण्डपाल बायोलॉजिस्ट ने किया। प्राणी उद्यान नैनीताल प्रबंधन द्वारा आगामी 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर (बुधवार से मंगलवार) तक वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

वन्य प्राणी सप्ताह के तहत 3 अक्टूबर को चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता जबकि 4 अक्टूबर को क्लेय मॉडलिंग एवं वाद्य यंत्र; 5 अक्टूबर को नृत्य प्रतियोगिता जबकि 6 अक्टूबर को नाटक मंचन प्रतियोगिता एवं मैराथन दौड जबकि 8 अक्टूबर को रैली का आयोजन किया जा रहा है। वन्य प्राणी सप्ताह की इस वर्ष की थीम वन्यजीव संरक्षण सह-अस्तित्व के माध्यम से है।

# फिल्मी दुनिया

## रणबीर कपूर ने बदल दिया हिंदी सिनेमा के हीरो का चेहरा



*हिंदी सिनेमा के नंबर वन हीरो रणबीर कपूर 42 साल के हो गए। सोचकर देखो तो लगता है कि जैसे कल की ही बात है जब फिल्म 'सांवरिया' के सेट पर कपूर खानदान का एक छोरा किसी कोने में सुबकता नजर आया करता था। भंसाली की 'टुकाई' से गढ़ा गया हिंदी सिनेमा का ये नायाब कलाकार हिंदी सिनेमा में अल्फा मेन की नई पहचान माना जाता है। और, जिस कहावत का खूब जिक्र चलता है, उसके मुताबिक बड़ा होकर ये कपूर अब बच्चन भी बन चुका है। रणबीर को निर्देशित करने वाले फिल्मकार उनके प्रशंसक बन जाते हैं और ऐसी ऐसी बातें उनके बारे में कह जाते हैं, जिन्हें भूल पाना मुश्किल है।'रणबीर कपूर को फिल्म 'बचना ऐ हसीनों' और 'अनजाना अनजानी' में निर्देशित कर चुके निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनके भीतर अगला 'अमिताभ बच्चन' होने की भविष्यवाणी बहुत पहले कर दी थी। वह रणबीर को फिल्म 'अमर अकबर एंथनी' में एंथनी के किरदार के लिए बिल्कुल फिट मानते हैं। सिद्धार्थ के मुताबिक अगर आज फिर से 'कुली' बने तो इकबाल का किरदार सिर्फ और सिर्फ रणबीर कपूर ही निभा सकते हैं। निर्देशक अयान मुखर्जी ने रणबीर कपूर को अलग अलग तरह की तीन कमाल फिल्मों में निर्देशित किया है। ये तीन फिल्में हैं, 'वेक अप सिड', 'ये जवानी है दीवानी' और 'ब्रह्मास्त्र पार्ट-1'। रणबीर का जिक्र चलने पर अयान कहते हैं, 'रणबीर कपूर शानदार कलाकार हैं। वह एक ऐसे अभिनेता हैं, जिनकी क्राफ्ट की तारीफ की जाती है।'*

### भंसाली का पसंदीदा बच्चा

*हिंदी सिनेमा में रणबीर कपूर को का पहला ब्रेक देने वाले डायरेक्टर संजय लीला भंसाली एक इंटरव्यू में कहते हैं, 'रणबीर मेरा पसंदीदा बच्चा है। वह उस चीज का हिस्सा है जिसे मैंने 'सांवरिया' में बनाया। वह मेरे लिए बहुत प्रिय है इसलिए जब भी मैं कोई फिल्म बनाता हूं तो लगता है इस भूमिका में रणबीर को लिया जाए तो क्या ही होगा?' प्रकाश झा ने रणबीर कपूर को उनके करियर के शुरुआती दौर में 'राजनीति' जैसी गंभीर फिल्म का हिस्सा बनाया और फिल्म के प्रमुख किरदारों में शामिल किया।*

## युवाओं को वायु सेना से जोड़ने को प्रशिक्षण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

युवाओं को वायु सेना से जोड़ने के लिए, जिले में 23 से 27 सितम्बर तक शिविर और प्रशिक्षण दिया गया।

इसी क्रम में शुक्रवार को भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती की जानकारी देने हेतु वायुसैनिक चयन केन्द्र, रेस कोर्स नई दिल्ली की टीम ने प्रशिक्षण के अंतिम दिन राजकीय इंटर कालेज खैरना, राजकीय इंटर कालेज रातीघाट और जीबीपंत इंटर कालेज भवाली के छात्र/ छात्राओं को अग्निवीर भर्ती की पूरी प्रक्रिया, शैक्षणिक योग्यता तथा शारीरिक मापदंड और अग्निवीर के रूप में लाभ प्राप्त आदि प्रक्रियाओं की विधिवत रूप से जानकारी दी।

इस दौरान चार साल बाद किस तरह अग्निवीरों के लिए घोषित आरक्षण का लाभ मिलेगा उनका भी वायुसेना टीम के द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान सार्जेंट दीपक केशरी, प्रधानाचार्य विनोद कुमार, नवीन पंत, सीमा बर्गली समेत एनसीसी के एएनओ और शिक्षक मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## नौ सूत्री मांगों के लिए डॉक्टरों ने किया प्रदर्शन

**अल्मोड़ा/ बागेश्वर।** प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने पांचवें दिन भी बांह पर काला फीता बांधकर विरोध जताया। चिकित्सकों ने नौ सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों को चिकित्सा शिक्षा की भांति 50 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दिए जाने, डॉक्टरों और नर्सों को बिना शर्त मासिक वाहन भत्ता देने आदि की मांग की। विरोध प्रदर्शन में डॉ. मनीष पंत, डॉ. जीवन मपवाल, डॉ. अरविंद पांगती, डॉ. प्रेरणा, डॉ. हरीश आर्या, डॉ. धीरज राज, डॉ. अमित सुकोटी आदि शामिल रहे।

# जीवन में हमें हर वक्त सकारात्मक रहना चाहिए: प्रो. मिश्रा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता





कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के आर्ट्स सभागार में विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय तथा रसायन विज्ञान विभाग द्वारा प्रो. अनिल मिश्रा (विभागाध्यक्ष लखनऊ विश्वविद्यालय) का विशेष आमंत्रित व्याख्यान कैमिस्ट्री ऑफ लाइफ मैनेजिंग स्ट्रेस फॉर मेंटल बिंग मेड ईजी विषय पर दिया गया। इस मौके पर प्रो. मिश्रा ने कहा कि जीवन में रसायन का बहुत योगदान होता है,बोले कि हमारी कैमिस्ट्री पर्यावरण के प्रति तथा मानव प्रजाति के प्रति बेहतर होनी चाहिए। कहा कि हमारे जीवन में समस्याएं आती हैं जो डर को जन्म देती हैं इससे हमारी चिंताएं बढ़ती हैं तो हमें तनाव होने लगता है फिर ये स्ट्रेन को प्रभावित करता है और हम टेंशन में रहने लगते हैं। प्रो. मिश्रा ने कहा कि विचार से संवेदनाएं बनती हैं और हम एक्शन करते हैं। जीवन में हमारे अंदर स्वीकार्यता होनी चाहिए, हमारा विश्वास मजबूत होना चाहिए। हमारा आत्म विश्वास हमें मजबूत बनाता है। जीवन में हमें हर वक्त सकारात्मक रहना चाहिए।

इससे पूर्व विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे ने प्रो. अनिल मिश्रा का स्वागत किया तथा उनका जीवन वृत्त प्रस्तुत किया जबकि शिवानी मिश्रा ने मेडिटेशन करते हुए सांसों का महत्व बताया तथा सभी को मेडिटेशन कराया। प्रो. अनिल मिश्रा को शॉल पहनाकर तथा बैच लगाकर तथा अल्पना भेंट की गई। व्याख्यामाला में प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट, प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, प्रो. गीता तिवारी,प्रो. शहराज अली, डॉ. महेश आर्य,डॉ. मनोज धूनी,डॉ. पैनी जोशी,डॉ. नवीन पांडे, डॉ. हर्ष चौहान,डॉ. हेम जोशी,दीप शिखा जोशी, डॉ. ललित मोहन, डॉ. गिरीश खर्कवाल,डॉ. उजमा,डा. नगमा, दिशा उप्रेती, वसुंधरा लोधियाल,स्वाति जोशी, गौरव रावत, मनीषा, शिवांगी, सूर्यवंशी, पूजा गुप्ता, फिजा पनेरू सहित जूलॉजी/केमिस्ट्री/ वनस्पति विज्ञान तथा बीएससी के विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के निदेशक प्रो. ललित तिवारी ने किया।

# बाल श्रम, भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह पर रोक लगाने के निर्देश

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता



**बैठक**

- टास्क फोर्स की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित
- मजदूरी कराने वालों को दो साल की जेल एवं 50 हजार रुपये तक का जुर्माना

मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने जनपद में बाल श्रम, भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होने विकास भवन सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक लेते हुए कहा कि बालश्रम, भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह अपराध है इसलिए सभी अधिकारी समन्वय बनाते हुए नियमित छापेमारी करें व बालश्रम भिक्षावृत्ति कराने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

सीडीओ ने कहा कि बाल श्रम कानूनी अपराध है इसके लिए जन-जन को जागरूक किया जाये। उन्होने कहा कि भोजन, खेल, पढ़ाई हर बच्चें का अधिकार है। उन्होने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी के रूप में काम कराना बाल मजदूरी में आता है मजदूरी कराने वालों को दो साल की जेल एवं 50 हजार रूपये तक का जुर्माना हो सकता है। उन्होने जनपद में औद्योगिक संस्थानों, दुकानों, ढाबों, खोखा, ठेली, ईट भट्टों आदि में सहायक श्रमायुक्त, जिला कार्यक्रम एवं बाल विकास अधिकारी, प्रोबेशन, शिक्षा, पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से टीम बनाकर नियमित छापेमारी करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि अगर बाल श्रम व भिक्षावृत्ति करते बच्चें पाये जाते है तो उन बच्चों को शिक्षा हेतु नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों अथवा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क आवासीय विद्यालय काशीपुर, गदरपुर व सितारगंज में दाखिला करवाना सुनिश्चित करें ताकि बच्चें नि:शुल्क शिक्षा ग्रहण कर सकें। सीडीओ ने बाल विवाह रोकने हेतु टास्क फोर्स टीमों को सक्रिय होकर क्षेत्रों का भ्रमण करने तथा स्वंय सेवी संस्थाओं, जनता व जनप्रतिनिधियों से नियमित संवाद करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया कि माह अप्रैल से वर्तमान तक बच्चों के 151 फोन कॉल प्राप्त हुए हैं जिसमें से 76 बालक व 75 बालिकाएं इस माह में 6 जागरूकता व 5 रेस्क्यू कार्यक्रम किए गए हैं, जिस पर सीडीओ ने बाल श्रम रोकने हेतु रेस्क्यू अभियान बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विद्यालयों के खेल के मैदान तथा सभी सार्वजनिक स्थलों पर लाइट व कैमरे की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व बाल कल्याण समिति को जनपद के सभी मदरसों का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए विभाग द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं व नंदागौरा, सुकन्या समृद्धि योजना आदि योजनाओं के बारे में अधिकाधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ केएस रावत, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, सहायक श्रमायुक्त अरविन्द सैनी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रेमलता आदि मौजूद रहे।

# गांधी जयंती समारोह की रुपरेखा तैयार किए जाने को लेकर बैठक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को गांधी जयंती समारोह के तहत आगामी बुधवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार किए जाने के संबंध में अपर जिलाधिकारी शिव चरण द्विवेदी की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में द्विवेदी ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर जिले के समस्त विद्यालय के छात्र/छात्राओं, राजनैतिक तथा धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं आदि द्वारा सुबह 6.30 बजे से 7.30 बजे तक प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा जबकि सुबह 8बजे से राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फ रहाना साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर अनावरण एवं माल्यार्पण किया जाएगा, साथ ही विद्यालयों में गीत नाट्य तथा सफ ाई अभियान के साथ ही वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, सादा जीवन उच्च विचार, पंथ निरपेक्षता, गांधी के सिद्धांत, साक्षरता को बढ़ावा आदि विषयों पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिले भर में कार्यक्रमों को देखते हुए गांधी जयंती के दिन पुलिस प्रशासन से कार्यक्रम स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था देखते हुए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। बताया कि नैनीताल में प्रभात फेरी मल्लीताल पंत पार्क से शुरु होकर तल्लीताल गांधी चौक पर समाप्त होगी, उसके पश्चात अपराह्न 2 बजे से नैनीताल नगर में झांकी और बाद में नगर पालिका में आम सभा और प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नैनीताल सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश देते हुए कहा कि गांधी जी की भव्य झांकियां जुलूस में लाएं। बताया कि उत्कृष्ट झांकी को पुरुस्कृत किया जाएगा। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी दीप चंद्र जोशी, सीओ नैनीताल पीके साह,एई लोनिवि पीसी पंत, एसडीओ साक्षी रावत आदि मौजूद रहे।

# बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

जिला संस्थान (डीआई), अजीम प्रेम जी फाउंडेशन, दिनेशपुर, ऊधमसिंह नगर में वैश्वीकृत तकनीकी दुनिया का हिस्सा बनने के लिए, बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता पैदा करने और नवाचार की संस्कृति बनाने पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सहयोग फाउंडेशन द्वारा, उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून के सहयोग से किया गया था।

जिला संस्थान, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, दिनेशपुर, उधम सिंह नगर में आईपीआर के विकसित परिदृश्य और आज के समय में इसके महत्व पर चर्चा करने के लिए विभिन्न विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और तराई के छात्र प्रतिभागियों को एक साथ लाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सहयोग फाउंडेशन की अध्यक्ष अंजू भट्ट के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने मुख्य संरक्षक के रूप में अजीम प्रेम जी स्कूल दिनेशपुर के प्रिंसिपल नवनीत बेदार, विशेषज्ञों के पैनल, एपीएफ के संकाय सदस्यों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यशाला में डॉ. नरेंद्र सिंह, सहायक प्रो. गणित एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी, डॉ. कमल सिंह रावत, सीईओ, एसीआईसी देवभूमि फाउंडेशन एमआईईटी, लामाचौड़, डॉ. शिव पांडे विज्ञान संकाय एपीएफ, डॉ. ए.एस. जीना, प्रोफेसर जेनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग विभाग तथा डीन छात्र कल्याण जीबी पंत कृषि व तकनीकि विश्वविद्यालय पंत नगर, डॉ. हिमांशु गोयल, वैज्ञानिक II पेंटेंट सूचना सेल, यूकॉस्ट और सुश्री अंजलि कोरंगा रावत, पेटेंट अटॉर्नी, देहरादून के नेतृत्व में व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। मुख्य सत्र में सभी विशेषज्ञों ने उद्देश्य, प्रकार, आईपी उल्लंघन, कानूनी सलाह, इंस्पायर मानक जैसे स्कूल नवाचार, परिणाम, पारंपरिक ज्ञान, टैक्समती, भारतीय नीम जैसे विवाद और आईपीआर में नवीनतम रुझानों पर ध्यान केंद्रित किया। प्रेम चंद जिला इंस्पायर अवार्ड मानक समन्वयक ने प्रतिभागियों को स्कूल स्तर पर नवाचार के अवसरों के बारे में संबोधित किया। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के 40 छात्र, 20 स्कूली छात्र, सुनील पंत, सुनील सिंह (एपीएफ स्कूल)अजायब सिंह धालीवाल, विजय प्रताप और एपीएफ के संकाय सदस्यों सहित 10 स्कूल शिक्षकों ने भाग लिया।

## 15 से पहले गड्ढा मुक्त होगी रामनगर रोड

**काशीपुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से 15 अक्तूबर तक सड़कों का गड्ढा मुक्त करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को काशीपुर पहुंचे एनएचएआई के ईई प्रवीण कुमार ने एसडीएम अभय प्रताप सिंह, एई मनोज भट्ट के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। बताया कि 15 अक्तूबर से पहले महाराणा प्रताप चौक से रामनगर रोड अनन्या होटल तक की सड़क गड्ढा मुक्त करा दिया जाएगा।

# स्वच्छता ही सेवा- 2024 अभियान का ऑडिट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



डीएसटी के अधिकारियों द्वारा एरीज और गांधी गांव ताकुला नैनीताल का दौरा कर स्वच्छता ही सेवा- 2024 अभियान का ऑडिट किया।

बता दें कि ए.एस. किरण कुमार पूर्व इसरो अध्यक्ष और एरीज की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लिया और एरीज परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक पौधा लगाया। प्रदीप कुमार सिंह निदेशक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार नई दिल्ली ने 14 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक एरीज नैनीताल में चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एरीज के विभिन्न स्थानों और अनुभागों का दौरा और निरीक्षण किया। उन्होंने महार्षि विद्या मंदिर स्कूल ताकुला में छात्रों और शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वच्छ भारत बनाने के लिए जागरूकता बढ़ाने के संकल्प के साथ योगदान देने का आह्वान किया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रो. दीपांकर बनर्जी एरीज निदेशक समेत डॉ. बृजेश कुमार वैज्ञानिक एरीज, रजनीश मिश्रा रजिस्ट्रार समेत मोहित जोशी इंजीनियर और हंसा कार्की निजी सचिव उपस्थित थे। पूरा कार्यक्रम भरत सिंहए नोडल अधिकारी द्वारा संचालित किया गया।

# नैनीताल बैंक की 102 वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता




नैनीताल बैंक की 102 वीं वार्षिक साधारण सभा में बीते रोज शुक्रवार को 102 वीं वार्षिक साधारण सभा बैंक के प्रधान कार्यालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई । इस वार्षिक साधारण सभा में निखिल मोहन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं बैंक के अन्य निदेशक बिनीता साह, मनोज शर्मा, यू सी नाहटा, राकेश नीमा , गोपाल सिंह गुसाईं, एवं नीलम दामोदरन वीडियो कोन्फ्रेंस के माध्यम से सम्मिलित हुए जिसकी अध्यक्षता एन के चारी (चेयरमैन) ने की । वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित अंशधारकों को संबोधित करते हुए बैंक के अध्यक्ष श्री एन के चारी जी नें वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटित अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय घटनाओं का उल्लेख करते हुए बैंक के क्रिया कलापों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उन्होने अपने सम्बोधन में बताया कि बैंक का व्यवसाय 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के अंत में बढ़कर रु 13086.87 करोड़ पहुँच गया जिसमें कुल जमा राशियाँ रु 8267.75 करोड़ एवं ऋण राशियाँ रु 4819.13 करोड़ शामिल है। कुल जमा राशियों में कम लागत की जमा राशियाँ लगभग 41.75 % रहीं जो कि एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। गत वित्त वर्ष के अंत में बैंक ने रु 47.10 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया जो कि पिछले वर्ष के शुद्ध लाभ रु 46.30 करोड़ के सापेक्ष एक उल्लेखनीय वृद्धि है। यह उल्लेखनीय है कि बैंक नें वित्त वर्ष के दौरान 3 नयी शाखाएँ खोली तथा शाखाओं की कुल संख्या बढ़कर वित्त वर्ष के अंत में 171 हो गयी। श्री चारी जी नें अपने सम्बोधन में बताया कि वर्ष के दौरान बैंक ने उपयोगिता बिल भुगतान करने के लिए एनपीसीआई भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) सेवाओं को एकीकृत किया है और बैंक ने प्रायोजक बैंक के रूप में ऋण खाते में संग्रह दक्षता बढ़ाने के लिए एनएसीएच अधिदेश प्रबंधन प्रणाली भी लागू की है। इसके अलावा बैंक का इरादा प्रौद्योगिकी के साथ वेल्थ मैनेजमेंट एंड थर्ड पार्टी प्रोडक्ट के अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने का भी है। इस अवसर पर बैंक के मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. दीपक पंत, मुख्य वित्तीय अधिकारी महेश गोयल, वाईस प्रेजिडेंट राहुल प्रधान, एवं वाईस प्रेजिडेंट अजय सेठ और कंपनी सचिव विवेक शाह तथा बैंक के कई अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।